जबलपुर | मंगलवार | 22 सितंबर 2026 | वर्ष 77 | अंक 240 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

5 ईरान से युद्ध में यूएस ने फूंके 4.30 लाख करोड़

6 नेता ने खाया मेवा तो हो गया हंगामा!

IMPORTS
BRICS

7 ब्रिक्स देशों में बढ़ा भारत का निर्यात

8 जहीर खान बने सीएसके के नए हेड कोच

BACHPAN
www.bachpanglobal.com
अपने शहर में बचपन प्ले स्कूल शुरू करें!
☎ 9811437000

जहरीली शराब : बंडा थाना लाइन अटैच

माफिया के साथ गठजोड़ पर सरकार का बड़ा एक्शन, 37 पुलिसकर्मी हटाए

नवभारत न्यूज

सागर, 21 सितंबर. प्रदेश में शराब माफिया और पुलिस तंत्र के गठजोड़ पर सरकार ने सोमवार को कड़ा प्रहार किया. सागर के बंडा थानांतर्गत करीब आधा दर्जन गांवों में 26 से 30 अगस्त के बीच 32 लोगों की जहरीली शराब से मौत हो गई थी. इस मामले में सरकार ने पूरे बंडा थाना और एक पुलिस चौकी में पदस्थ पूरे अमले को लाइन अटैच कर दिया.

एसपी अनुराग सुजानिया ने पीएचक्यू के आदेश पर यह कार्रवाई की. इसके अलावा जिले लगभग सभी थानों में भी व्यापक फेरबदल किया है. इस कार्रवाई के तहत बंडा थाने के साथ-साथ घूगरा चौकी में पदस्थ एसआई, मुंशी, प्रधान आरक्षक और आरक्षकों समेत 37 पुलिसकर्मियों को एक साथ लाइन अटैच कर दिया है. इनकी जगह पुलिस लाइन से नए स्टाफ को थाने के साथ-साथ चौकी क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है.

पुलिस थाना बण्डा
जिला सागर (म.प्र.)
पुलिस थाना बण्डा

टीआई, एसडीओपी पहले हटाए

जहरीली शराब पीने से हुई मौतों के मामले में पुलिस विभाग द्वारा पहले भी कार्रवाई की जा चुकी है. तत्कालीन बंडा थाना प्रभारी राजेंद्र कुशवाहा और एसडीओपी प्रदीप वाल्मीकि को हटाया जा चुका है. इनके स्थान पर सिविल लाइन टीआई आनंद सिंह को बंडा थाना प्रभारी की कमान सौंपी गई थी. तात्कालिक आदेश के तहत बंडा थाना में पदस्थ एसआई मुन्ना लाल धुर्वे, आदिल खान समेत 37 पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच किया गया है. हटाए गए पुलिसकर्मियों के स्थान पर पुलिस लाइन से एसआई रामू प्रजापति, शिवम दुबे समेत प्रधान आरक्षक और आरक्षकों को बंडा थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है.

लिस्ट में कुल 82 नाम

पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के अन्य थानों में भी पुलिसकर्मियों को इधर से उधर किया गया है. जारी की गई सूची में कुल 82 पुलिसकर्मियों के नाम हैं, जिन्हें इधर से उधर किया गया है. हालांकि, बड़ी कार्रवाई बंडा थाना और गूगरा चौकी के स्टाफ पर की गई है.

दिवंगत अर्थशास्त्री देबरॉय को भी थमाया नोटिस

नवभारत न्यूज

नई दिल्ली, 21 सितंबर: राजधानी दिल्ली में चल रही एसआईआर प्रक्रिया के तहत दी गई जानकारी में 'गड़बड़ियों' के कारण जिन वोटरों को नोटिस भेजे जा रहे हैं, उनकी लिस्ट में दिवंगत अर्थशास्त्री और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद के पूर्व चेयरमैन बिबेक देबरॉय का नाम भी शामिल है.

नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के वोटर देबरॉय का नवंबर 2024 में निधन हो गया था. उनका नाम उन 33 लाख वोटरों की लिस्ट में शामिल है, जिन्हें एन्यूमरेशन फॉर्म के जरिए दी गई जानकारी में 'गड़बड़ियों' के लिए नोटिस भेजे जा रहे हैं. एक सीनियर चुनाव अधिकारी ने कहा कि हमें उनके निधन के बारे में पता है और अब उनका नाम फाइनल लिस्ट से हटा दिया जाएगा. दिवंगत देबरॉय की एंट्री को पिछले रिकॉर्ड से मेल न खाने पर मार्क किया गया था.

▶ एसआईआर में गड़बड़ी

अभिनेता अनंत नाग को दादा साहब फाल्के पुरस्कार

नई दिल्ली. अभिनेता अनंत नाग को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान और उनकी उत्कृष्ट सिनेमाई यात्रा के लिए दादा साहब फाल्के पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया जाएगा. यह पुरस्कार 22 सितंबर, 2026 को 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में प्रदान किया जाएगा. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गुजरात के एकता नगर में ये पुरस्कार प्रदान करेंगी. अनंत नाग को यह पुरस्कार उनकी पांच दशकों से अधिक लंबी शानदार सिनेमाई यात्रा के सम्मान में प्रदान किया जा रहा है, जिसने कलाकारों की पीढ़ियों को प्रेरित किया है.

बीसीआई मामले में सीबीआई जांच से हाईकोर्ट का इनकार

नई दिल्ली. बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के परिसर के अंदर और बाहर अधिवक्ताओं पर हुए हमले की सीबीआई या किसी दूसरी स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने की मांग को दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को ठुकरा दिया. अदालत ने इस तर्क को ठुकरा दिया कि बीसीआई चेयरमैन ममन कुमार मिश्रा सत्ताधारी दल के सांसद हैं और इसलिए दिल्ली पुलिस निष्पक्ष रूप से काम नहीं करेगी. पीठ ने कहा कि बिना किसी ठोस आधार के पूरी दिल्ली पुलिस की छवि को इस तरह खराब करना सही नहीं है.

आयुष्मान का दायरा बढ़ाने की तैयारी, 60+ बुजुर्ग भी होंगे शामिल

छोटे बच्चों को भी 5 लाख का मुफ्त इलाज

नवभारत न्यूज नेटवर्क

नई दिल्ली, 21 सितंबर. आयुष्मान जन आरोग्य योजना का दायरा जल्द ही बढ़ने वाला है. इसमें अब 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चे और 60 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को मुफ्त इलाज की तैयारी की जा रही है. संसदीय समिति ने सरकार से इसकी सिफारिश की है, जिस पर स्वास्थ्य मंत्रालय प्रस्ताव तैयार कर रहा है.

समिति के मुताबिक, इन आयु वर्गों को सामाजिक-आर्थिक स्थिति और ग्रामीण या शहरी क्षेत्र की परवाह किए बिना योजना में शामिल किया जाना चाहिए. छोटे बच्चों और बुजुर्गों में होने वाली बीमारियों के इलाज का खर्च कई परिवारों के लिए आर्थिक बोझ बन सकता है. ऐसे में इन दोनों आयु वर्गों को सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के दायरे में लाना महत्वपूर्ण कदम होगा.

सरकारी अस्पतालों की क्षमता बढ़ाने पर जोर

संसदीय समिति ने पीएम -जय के तहत निजी अस्पतालों पर बढ़ती निर्भरता को लेकर भी चिंता जताई है. रिपोर्ट में कहा गया है कि सार्वजनिक क्षेत्र के अस्पतालों में तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं की क्षमता बढ़ाने की जरूरत है. समिति का मानना है कि सरकारी अस्पतालों की सुविधाओं और उपचार क्षमता में सुधार से स्वास्थ्य व्यवस्था को लंबे समय में मजबूत किया जा सकता है.

रक्षा मंत्रालय ने टैंकों की खरीद के लिए 586 करोड़ का किया सौदा

नई दिल्ली. रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को सोवियत डिजाइन वाले टी-72 और टी-90 मुख्य युद्धक टैंकों के लिए ऑक्सीलियारी पावर यूनिट (एपीयू) की खरीद को लेकर 586 करोड़ रुपये का अनुबंध किया. मंत्रालय के आधिकारिक बयान के अनुसार, यह अनुबंध स्वदेशी कंपनी एक्युरेट इंडस्ट्रियल कंट्रोल्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ किया गया. नई दिल्ली में हुए इस समझौते पर रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में हस्ताक्षर किए गए.

फर्जी सिम दी तो 50 लाख जुर्माना

नवभारत न्यूज

नई दिल्ली, 21 सितंबर. फर्जी सिम कार्ड जारी करने को लेकर केंद्र सरकार अब सख्त कदम उठाने वाली है. दूरसंचार विभाग ने ऐसे केस में तीन साल की जेल और 50 लाख रुपये तक के जुर्माने की चेतावनी जारी की है. यह कदम मप्र साइबर सेल की छत्तीसगढ़ में की गई कार्रवाई के बाद उठाया गया.

मध्य प्रदेश की साइबर विंग की जांच में यह चौंकाने वाला मामला पकड़ा गया था. छत्तीसगढ़ में एक प्वाइंट ऑफ सेल एजेंट ने आम लोगों की जानकारी और सहमति के बिना, उनके पहचान दस्तावेजों का गलत इस्तेमाल करके 25 मोबाइल कनेक्शन अवैध रूप से सक्रिय कर दिए थे. केंद्रीय मंत्रालय ने इस मामले में तुरंत कदम उठाते हुए संबंधित एजेंट को पहले ही ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है और भविष्य में उसके सिम जारी करने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है.

मप्र साइबर सेल की छग में कार्रवाई के बाद केंद्र ने दिखाई सख्ती

मामले के बाद मंत्रालय ने सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लोगों को आधिकारिक संचार साथी पोर्टल का उपयोग कर अपने नाम पर चल रहे कनेक्शनों की नियमित जांच करने और संदिग्ध नंबरों को तुरंत ब्लॉक करने की सलाह दी गई है.

खातों पर ममता का ही कंट्रोल

पार्टी सिंबल और नाम गंवाने के बाद कोर्ट से राहत

नवभारत न्यूज नेटवर्क

कोलकाता, 21 सितंबर. चुनाव आयोग के अंतरिम आदेश में तृणमूल कांग्रेस का पुराना नाम और जोड़ाफूल प्रतीक इस्तेमाल करने पर रोक के बावजूद ममता तृणमूल को पार्टी के तीन बैंक खातों के संचालन का अधिकार फिलहाल मिलता रहेगा.

कलकत्ता हाई कोर्ट ने सोमवार को अपने पुराने आदेश को बरकरार रखा. अदालत ने कहा कि चुनाव आयोग ने अभी अंतिम फैसला नहीं सुनाया है, बल्कि उपचुनाव को लेकर नाम और प्रतीक पर अंतरिम व्यवस्था की है. इसलिए बैंक खातों के संबंध में अदालत अपने पहले के आदेश में बदलाव नहीं करेगी. निजी बैंक में तृणमूल के तीन खातों को पुलिस ने अवैध लेनदेन के आरोप में फ्रीज किया था.

जांच पूरी, चार्जशीट अधूरी

चढ़ावा चोरी में सरकार ने सुको से मांगी मोहलत

नवभारत न्यूज नेटवर्क

नई दिल्ली, 21 सितंबर. अयोध्या में राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में 25 सितंबर तक चार्जशीट दाखिल की जानी है. सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान यूपी सरकार ने पक्ष रखते हुए बताया कि जांच पूरी हो चुकी और समय पर चार्जशीट दाखिल कर दी जाएगी, ताकि आरोपियों को जमानत का लाभ न मिले. इसके साथ सरकार ने कोर्ट में जरूरत पड़ने पर कुछ अतिरिक्त समय भी मांगा.

सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हम दो दिनों के भीतर याचिका दायर कर देंगे. एसआईटी ने एक स्टेटस रिपोर्ट सौंप दी है. पीठ ने एसआईटी की स्थिति रिपोर्ट का भी अवलोकन किया.

दिल्ली में मंथन के बाद आलाकमान ने लगाई मोहर

कांग्रेस प्रवक्ताओं की सूची एक दो दिन में

नवभारत न्यूज

इंदौर, 21 सितंबर. प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ताओं की दिल्ली से सूची एक दो दिन में आने की संभावना है. बताया जा रहा है कि आज दिल्ली में आल इंडिया कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित इंटरव्यू को लेकर चर्चा हुई है. कांग्रेस ने मार्च से अप्रैल तक करीब डेढ़ महीने तक अलग अलग जिलों और प्रदेश प्रवक्ताओं के पद को लेकर विषय विशेषज्ञों के साथ नेताओं के इंटरव्यू किए थे.

उक्त इंटरव्यू के आधार पर सूची बन चुकी है और प्रदेश कांग्रेस के माध्यम से घोषित होना बाकी है. कांग्रेस सूत्रों के अनुसार उज्जैन से दीपक शुक्ला, रघुराम राजन, मिथुन अहिरवार भोपाल, गुंजन शुक्ला छिंदवाड़ा, रामकुमार पांडे ग्वालियर, सारिका यादव सागर आनंद जाट ,अब्दुल हाफिज ,अभिनव बारोलिया, अपराजिता पांडे, प्रमोद द्विवेदी, अमीन उल खान सूरी का चयन प्रदेश स्तर के लिए होने की चर्चा है. वहीं नेताओं के समर्थकों में फौजिया शेख, संतोष सिंह गौतम, राजेश चौकसे, कनुप्रिया सत्तन, महक नागर नाम इंदौर से है. प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए नीलाभ शुक्ला को स्टेट या फिर नेशनल मीडिया पैनलिस्ट बनाए जाने की संभावना है. इसके अलावा जिला और शहर स्तर पर अलग नियुक्ति की जा रही है, जिसमें आनंद कासलीवाल, हर्ष जैन, अमित चौरसिया, हिमानी सिंह के नाम है.

सोनिया की नागरिकता का मामला फिर खुला

नई दिल्ली. सोनिया गांधी मतदाता सूची मामले में विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए मामले) ने उस पुनरीक्षण याचिका को स्वीकार कर लिया है, जो भारतीय नागरिक बनने से पहले कांग्रेस नेता सोनिया गांधी का नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाने से जुड़ी शिकायत में मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश के खिलाफ दायर की गई थी.

रणनीति ▶ सेवा संकल्प के जरिए 2027 के विधानसभा और 2029 के आम चुनाव का लक्ष्य साधने की तैयारी

200 लोकसभा सीटें कवर करेगा युवा मोर्चा

नवभारत न्यूज

नई दिल्ली, 21 सितंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए एक साथ कई राजनीतिक मोर्चे संभाल रही है. इनमें अगले साल होने वाले सात राज्यों के चुनाव तो शामिल हैं ही, साथ ही देशभर में युवाओं और महिलाओं को पार्टी के साथ मजबूती से जोड़ने का लक्ष्य भी शामिल है.

पार्टी वाराणसी से वडनगर और वडनगर से वाराणसी तक यात्राओं के जरिए चुनाव वाले गुजरात व उत्तर प्रदेश को तो मथेगी ही, मार्ग में पड़ने वाले और उसके आसपास की 200 से ज्यादा लोकसभा सीटों तक भी व्यापक पहुंच बनाएगी. इस बार का सेवा संकल्प अभियान चुनावी तैयारी की रणनीति का हिस्सा है. अभियान का एक अहम पहलू प्रधानमंत्री की जन्मभूमि गुजरात के वडनगर से कर्मभूमि उत्तर प्रदेश के वाराणसी के लिए दोनों तरफ से निकाली जानी वाली यात्राएं हैं. पार्टी का युवा मोर्चा इसकी कमान संभाल रहा है. दोनों तरफ से यह यात्राएं 10-10 अलग अलग रास्तों से आगे बढ़ेगी और उत्तर प्रदेश व गुजरात के अधिकतर क्षेत्रों तक पहुंचेगी. साथ ही वह राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र व छत्तीसगढ़ से भी गुजरेंगी. इन रास्तों से इनकी पहुंच दो सौ से ज्यादा लोकसभा क्षेत्रों तक हो सकेगी. जिन पर खास तौर से युवाओं और महिलाओं को मजबूती के साथ जोड़ा जाएगा.

युवाओं पर फोकस

युवा मोर्चा इन यात्राओं में अपना अधिकांश फोकस युवा वर्ग पर रख रहा है. हाल के दिनों में जेन-जी की सक्रियता को देखते हुए मोर्चा इस वर्ग के ग्रामीण व छोटे व मध्यम दर्जे वाले शहरों से इस युवा वर्ग को अपने साथ जोड़ने की कोशिश करेगा. साथ ही पार्टी महिलाओं में विभिन्न लाभार्थी योजनाओं के जरिए खुद को मजबूत करने पर जोर देगी.

रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग
- संस्थापक -
नव भारत
नगर निगम, भोपाल

नव भारत

श्रद्धेय स्वर्गीय श्री रामगोपाल जी माहेश्वरी मार्ग नामपट्टिका अनावरण कार्यक्रम सम्मानीय अतिथियों के सानिध्य में सम्पन्न होगा

मुख्य अतिथि

आज समय :
दोपहर 3:00 बजे ।
आप सभी सादर आमंत्रित हैं

श्री राजेन्द्र शुक्ला
उप मुख्यमंत्री म. प्र. शासन

श्री विश्वास सारंग
कैबीनेट मंत्री म. प्र. शासन

विशिष्ट अतिथि

श्रीमती मालती राय
महापौर, भोपाल नगर पालिका निगम

स्थान : नवभारत प्रेस परिसर,
इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स,
एम. पी. नगर जोन-1, भोपाल

मुकेश नायक
प्रदेश प्रवक्ता - म. प्र. कांग्रेस